C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 201 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 12 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## ममता का क़त्ल: मां ही बनी क़ातिल, दो मासूमों की नृशंस हत्या से गांव सन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद/ भीलवाड़ा।**







मृतक नेहा



मृतक भेरू

रिश्तों की बुनियाद हिला देने वाली वारदात ने मांडलगढ़ क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मानपुरा गांव में एक मां ने अपने ही दो मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी और फिर खुद जहर खाकर जान देने की कोशिश की। रविवार सुबह सामने आई इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है।

पुलिस के अनुसार मानपुरा निवासी टेंट व्यवसायी राजू तेली काम पर गया हुआ था। इसी दौरान उसकी पत्नी संजू देवी (35) ने घर के भीतर अपनी बेटी नेहा 12 वर्ष और बेटे भैरू 7 वर्ष पर धारदार हथियार और लोहे के सरिये से हमला कर दिया। सिर और गले पर किए गए वार इतने घातक थे कि दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। घर में खून फैला था और दृश्य ऐसा था, जिसे देखकर हर कोई सिहर उठा।

वारदात के बाद संजू देवी ने अपने पति को फोन कर कहा मैंने बच्चों को मार दिया है, मैंने जहर भी खा लिया है। बदहवास पति ने पड़ोसियों को सूचना दी। मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला तो कुछ लोग छत के रास्ते भीतर पहुंचे। अंदर बच्चों के शव खून से लथपथ पड़े थे, जबकि संजू देवी बेसुध हालत में मिली। सूचना मिलते ही मांडलगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में संजू देवी को मांडलगढ़ के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह उपचाराधीन है और पुलिस निगरानी में रखी गई है। बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संजू देवी लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। बीमारी, इलाज का दबाव और भविष्य की अनिश्चितता ने उसे मानसिक रूप से तोड़ दिया था। हालांकि पुलिस का कहना है कि बीमारी ही एकमात्र कारण है या इसके पीछे पारिवारिक, आर्थिक अथवा अन्य मानसिक कारण यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए भीलवाड़ा से एफएसएल टीम को बुलाया गया। घटनास्थल से खून के नमूने, हथियार और अन्य साक्ष्य जुटाए गए हैं। घर को सील कर दिया गया है और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ जारी है। घटना की खबर फैलते ही मानपुरा सहित आसपास के गांवों से लोग मौके पर उमड़ पड़े। हर आंख नम थी। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार सामान्य था, लेकिन बीमारी ने महिला को भीतर से तोड़ दिया। बच्चों की मासूम हंसी अब गांव की गलियों में हमेशा के लिए खामोश हो गई। पुलिस ने बताया कि मामला अत्यंत संवेदनशील है। महिला के बयान उसके स्वस्थ होने के बाद दर्ज किए जाएंगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच और कॉल डिटेल्स के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

## कोटा ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर आदिल मिर्जा घायल, चार गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**



**गर्वित ।** कोटा ग्रामीण पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए रविवार को बड़ी कार्रवाई की। सांगोद व मोड़क थाना ग्रामीण, डीएसटी और स्पेशल टीम की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर आदिल मिर्जा और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान आदिल मिर्जा की ओर से पुलिस पर फायरिंग की गई, जिसके जवाब में पुलिस की आत्मरक्षात्मक कार्रवाई में वह घायल हो गया।

ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि आदिल मिर्जा के इलाके में होने की सूचना पर पुलिस ने रणनीतिक घेराबंदी की और उसे सरेंडर करने के लिए कहा गया। अपील के बावजूद उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें आदिल मिर्जा के पैर में गोली लगी। इसके बाद उसे मौके पर ही काबू में ले लिया गया।

मुठभेड़ के बाद घायल आदिल मिर्जा को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। साथ ही उसके तीन अन्य साथियों को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। बदमाशों के पास से तीन देसी कट्टे, एक पिस्टल और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस हथियारों की सप्लाई और नेटवर्क से जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रही है।

एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान कुछ बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुए, जिनकी तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। यह भी जांच की जा रही है कि फरारी के दौरान किन लोगों ने बदमाशों को शरण दी और हथियार उपलब्ध कराए।

शाम को रामगंज मंडी हॉस्पिटल से तीनों बदमाशों को एमबीएस अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार किया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

## मंत्री मदन दिलावर माफी मोड में, कान पकड़ माफी का वीडियो वायरल

**भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर।**



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने राजस्थान की राजनीति में हलचल मचा दी है। वीडियो में पंचायती राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मनोहर पालीवाल के सामने कान पकड़कर माफी मांगते हुए दिखाया जा रहा है। वीडियो सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद मनोहर पालीवाल ने सफाई देते हुए कहा कि यह मुलाकात पूरी तरह निजी थी और इसे सार्वजनिक करना उचित नहीं था।

वहीं मंत्री मदन दिलावर ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि मामला ब्लू हेवन नामक एक निजी स्कूल से जुड़ा है, जो कथित तौर पर अतिक्रमण की जमीन पर संचालित हो रहा था। नियमों के अनुसार उसकी मान्यता रद्द की गई थी और उसी को बहाल कराने के लिए पालीवाल उनसे मिलने आए थे। मंत्री के अनुसार उन्होंने साफ कहा कि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है और नियमों के विरुद्ध कोई राहत संभव नहीं। इसी दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर माफी मांगी, जिसे वीडियो में अलग संदर्भ में पेश किया जा रहा है। लेकिन यह पहला मौका नहीं है जब मंत्री दिलावर सुर्खियों में आए हों। कभी बयानबाजी, कभी व्यवहार और कभी प्रशासनिक फैसलों को लेकर वे अक्सर मीडिया और सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बने रहते हैं। विपक्ष ही नहीं, बल्कि पार्टी के भीतर से भी यह आरोप लगते रहे हैं कि वे मिलने वालों को पहले आश्वासन देते हैं और बाद में अपने ही बयानों से यू-टर्न ले लेते हैं।

## आरटीई में बड़ा बदलाव: अब वार्ड नही पूरा जिला बनेगा इकाई



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

शिक्षा व्यवस्था में अभिभावकों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार ने आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में अहम बदलाव किया है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने घोषणा की है कि अब आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए वार्ड को नहीं, बल्कि पूरे जिले को इकाई माना जाएगा। इससे जिले का कोई भी निवासी अपने बच्चे के लिए जिले के किसी भी विद्यालय में आरटीई के तहत प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेगा।

मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि अब तक जिस वार्ड में स्कूल स्थित होता था, केवल उसी वार्ड के अभिभावकों को प्राथमिकता मिलती थी। इस व्यवस्था के कारण कई बार बच्चे अच्छे और सुविधाजनक स्कूलों में प्रवेश से वंचित रह जाते थे। नई व्यवस्था लागू होने से जिले के सभी इच्छुक अभिभावक अपनी पसंद के स्कूल में आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी सोच के साथ यह निर्णय लिया गया है।

शिक्षा मंत्री जोधपुर प्रवास के दौरान एक निजी होटल में आयोजित स्कूल शिक्षा परिवार के नववर्ष मिलन समारोह में निजी स्कूल संचालकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री तथा जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत एवं राजस्थान जीव-जंतु बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व सांसद जसवंत सिंह बिश्नोई भी मंच पर उपस्थित रहे। मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हाल ही में प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और लेक्चरर्स के करीब 13-14 हजार तबादले किए गए हैं, लेकिन कहीं से भी कोई शिकायत सामने नहीं आई है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस शासन के दौरान तबादलों में भ्रष्टाचार और लेनदेन की शिकायतें आम थीं, जबकि भाजपा सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया पूरी की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार नहीं होने दिया। नई आरटीई व्यवस्था और तबादलों में पारदर्शिता के दावे को शिक्षा सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है, जिससे अभिभावकों और शिक्षा जगत को सीधा लाभ मिलेगा।

## मनरेगा बचाने सड़क पर उतरी कांग्रेस

### प्रदेशभर में धरना-उपवास, जयपुर से केंद्र सरकार पर बोला हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



ग्रामीण गरीबों की रोज़ी-रोटी और मनरेगा के भविष्य को लेकर सियासत एक बार फिर सड़क पर दिखाई दी। केंद्र सरकार पर मनरेगा कानून को समाप्त करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत राजस्थान के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना और उपवास कार्यक्रम आयोजित किए। राजधानी जयपुर के शहीद स्मारक पर हुए मुख्य कार्यक्रम ने सरकार बनाम विपक्ष की जंग को और तेज कर दिया।

शहीद स्मारक पर आयोजित धरने में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, एआईसीसी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मनरेगा कांग्रेस सरकार की वह ऐतिहासिक योजना है, जिसने मांगते ही रोजगार का अधिकार देकर ग्रामीण गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि नई व्यवस्था में न तो काम की गारंटी है और न ही यह स्पष्ट है कि रोजगार कहां मिलेगा। डोटासरा ने कहा कि बजट सीमित कर मजदूरी का 40 प्रतिशत बोझ राज्यों पर डालना, दरअसल मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने की मंशा को उजागर करता है। उन्होंने राजस्थान की वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि कर्मचारियों के वेतन, पेंशन, छात्रवृत्तियों और विकास कार्यों के भुगतान में पहले ही संकट है। ऐसे में 40 प्रतिशत राज्यांश वहन करना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के चुनाव न होने से केंद्र से मिलने वाले करीब 3000 करोड़ रुपये लैप्स होने की कगार पर हैं, जबकि मनरेगा के तहत मजदूरों का बकाया भुगतान भी अटका हुआ है।

एआईसीसी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में गरीबों की सुरक्षा के लिए मनरेगा की बहाली को लेकर आंदोलन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों के ऋण माफ करने में उदार है, लेकिन गरीबों के लिए बजट देने में इच्छाशक्ति नहीं दिखाती। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया कि क्या राज्य की खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद भाजपा सरकार नई योजना में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी उठाने को तैयार है। उन्होंने इसे राज्यों के साथ अन्याय बताते हुए केंद्र सरकार से मनरेगा को तत्काल पूर्व प्रावधानों के साथ पुनः लागू करने की मांग की। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि मनरेगा की बहाली और ग्रामीण रोजगार के अधिकार को लेकर अगले 45 दिनों तक जिला, ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# नामी लोगों की फर्जी व्हाट्सएप आईडी ID से 40 लाख की ठगी, साइबर गिरोह का पर्दाफाश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रतापनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नामी लोगों की फर्जी व्हॉट्सएप आईडी बनाकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में जालोर के रामसीन थाना के हिस्ट्रीशीटर मुख्य आरोपी सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि प्रकरण में पूर्व में एक आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस के निर्देशन में साइबर व संगठित अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना संकलन के आधार पर इस संगठित गिरोह तक पहुंच बनाई।

प्रकरण का खुलासा तब हुआ जब 28 जुलाई को परिवादी मिठ्ठा लाल सिंघवी भीलवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई।रिपोर्ट में बताया गया की 26 व 28 जुलाई को उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबरों से व्हाट्सएप कॉल आए, जिनकी प्रोफाइल फोटो में एक नामी व्यक्ति की तस्वीर लगी हुई थी।



कॉल करने वाले ने स्वयं को वही व्यक्ति बताते हुए विश्वास में लिया और अहमदाबाद में 40 लाख रुपये की जरूरत बताकर हवाला के माध्यम से रकम भिजवा ली। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधान में सामने आया कि जालौर, सांचौर व बालोतरा क्षेत्र के आसपास रहने वाले युवक संगठित गिरोह बनाकर इस तरह की ठगी को अंजाम दे रहे थे। गिरोह के सदस्य किसी नामी व्यक्ति की फोटो व्हाट्सएप प्रोफाइल पर लगाकर और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर उसी व्यक्ति के नाम से फर्जी आईडी बनाते थे। इसके बाद वे उस व्यक्ति के परिचितों को फोन कर पैसों की आवश्यकता का हवाला देते हुए धोखाधड़ी करते थे। गिरोह द्वारा राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित कई राज्यों में साइबर ठगी की कई वारदातें करना सामने आया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, साइबर सेल की मदद और मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपियों की पहचान की। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर मुख्य आरोपी मोडसिंह उर्फ विक्रमसिंह एवं कैलाश सिंह को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में चोरी, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। मुख्य आरोपी मोडसिंह के खिलाफ वर्ष 2007 से 2024 तक राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व आंध्रप्रदेश में अनेक मामलों में चालान पेश हो चुका है।

## कोटा में रफ्तार का कहरः मां के साथ चल रही सात माह की बच्ची की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



**गर्वित ।** शहर में तेज रफ्तार का कहर मासूम जान पर भारी पड़ गया। मार्बल चौराहे के पास रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात माह की बच्ची की मौत हो गई। मां के साथ पैदल चल रही बच्ची को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया।

घटना कोटा के आरकेपुरम थाना क्षेत्र की है। टक्कर लगते ही बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बालिका की पहचान लक्ष्मी के रूप में हुई है।

हादसे के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बच्ची की मां बार-बार यही कहती नजर आई कि लक्ष्मी उनके साथ ही चल रही थी, तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। आसपास मौजूद लोग मौके पर जमा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

आरकेपुरम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जानकारी जुटाई। डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद बच्ची के शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। शव का पोस्टमार्टम सोमवार को कराया जाएगा। थाना अधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि परिजनों की शिकायत दर्ज कर ली गई है। हादसे के बाद से कार चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी ड्राइवर की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

पुलिस ने बताया कि मृतका के परिजन इसी इलाके में मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।

## रक्तदान व निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

### 523 यूनिट रक्त, 700 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सनातन रक्षक अमर शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना एवं सर्व समाज के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान व निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। शिविर में रिकॉर्ड 523 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि 700 से अधिक मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त उपचार किया गया। शिविर में सामान्य, हड्डी, नेत्र, त्वचा, नाक-कान-गला एवं महिला रोगों का एक ही स्थान पर उपचार उपलब्ध रहा। मुख्य अतिथि शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी रहीं। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन शहीद गोगामेड़ी की सेवा और त्याग की भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है। समापन पर रक्तदाताओं, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## विधायक खेल विकास योजना के तहत एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 13 को

### गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड में होगा आयोजन, नए खिलाड़ियों को भी मिलेगा मौका

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और सराहनीय पहल की जा रही है। योजना के तहत आगामी 13 जनवरी को दोपहर 1 बजे से सायं 6 बजे तक स्थानीय गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व प्रतापनगर स्कूल मैदान पर आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल के विभिन्न गुर सीखे थे। उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए अब फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चों को विभिन्न खेलों से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल सके।

आयोजन की जानकारी देते हुए अजित जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत संचालित छह केंद्रों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता की खास बात यह रहेगी कि इसमें वे बच्चे भी हिस्सा ले सकेंगे जिन्हें फुटबॉल खेलने का पूर्व अनुभव नहीं है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को खेलों से जोड़ना और उन्हें सीखने का अवसर प्रदान करना है।

टूर्नामेंट में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कोई प्रवेश शुल्क नहीं रखा गया है। योजना से जुड़े सभी कोचों से आग्रह किया गया है कि वे 13 जनवरी को दोपहर 1 बजे तक अपनी-अपनी टीमों के साथ गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड पर उपस्थित रहें। योजना से जुड़े सभी बच्चों की प्रतियोगिता में भागीदारी अनिवार्य रखी गई है। शिक्षाविद विवेक निमावत ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क का विकास करना है। ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत भीलवाड़ा में साइकिल रैली

### यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का दिया संदेश



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आमजन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रविवार सुबह भीलवाड़ा साइकिल क्लब के तत्वावधान में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि रैली सुबह 9 बजे स्टेशन चौराहे से प्रारंभ हुई, जिसे समाजसेवी तिलोकचंद छाबड़ा एवं जिला परिवहन अधिकारी रामकिशन चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः स्टेशन चौराहा स्थित पुलिस कंट्रोल रूम पर संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य आमजन को चालान का भय दिखाना नहीं, बल्कि उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। इसी लक्ष्य के तहत पूरे माह विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति प्रेरित किया जाएगा। रैली में प्रशासनिक अधिकारियों, डीटीओ स्टाफ सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हेलमेट उपयोग, सीट बेल्ट, यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित ड्राइविंग से संबंधित स्लोगनों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। रैली में मदन खटोड़, राकेश सक्सेना, सुरेश बम्ब, मुकेश सामरिया, मनोहर डूमोलिया, सुरेंद्र छीपा, यश झुरानी, मुकेश कुमावत (साइकिल मैन), जिनेंद्र चौधरी, अशोक राठी, गिरिराज प्रजापति, नरेश बाहेती, आशुतोष आचार्य, योगेश गर्ग, दिनेश भट्ट, रामचंद्र मूंदड़ा, अजय सोनी, प्रह्लाद अजमेरा, हरीश माहेश्वरी, कैलाश शर्मा, लक्ष्मीलाल गांधी सहित अनेक साइकिल प्रेमी एवं जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने सभी सहभागियों, प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## चितिवास में पतंग उड़ाते 4 लोग करंट से झुलसे

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए दो बच्चे, बचाने आईं दो महिलाएं भी घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ सांवर**

**(दिलखुश)** चितिवास गांव में रविवार शाम पतंग उड़ाते समय हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे और उन्हें बचाने आईं दो महिलाएं शामिल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद केकड़ी जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

यह घटना तब हुई जब मकान की छत पर पतंग उड़ा रहे रूपेश (15) और हेमंत कुमार (12) की पतंग का मांझा पास से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन से छू गया। लौह धातु युक्त मांझे में करंट दौड़ने से दोनों बच्चे झुलस गए। बच्चों को छटपटाते देख उनकी मां चांदू देवी (35) और दादी पानी देवी (45) उन्हें बचाने पहुंचीं, लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गईं।

हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने सभी घायलों को सावर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद केकड़ी जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने आबादी क्षेत्र से गुजर रही उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों को हटाने या उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

सावर विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुभाष मीणा ने बताया कि पतंग का मांझा लौह धातु से लेपित था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्युत लाइन की ऊंचाई नियमानुसार सही थी। मीणा ने सलाह दी कि ऐसी घटनाओं से बचने के लिए पतंग के मांझे का चुनाव सावधानीपूर्वक करना चाहिए।

## कोठारी नदी किनारे खेत में मिला अजगर, सुरक्षित किया रेस्क्यू

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव में रविवार को वन विभाग की टीम ने अजगर सांप का सफल रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। यह कार्रवाई ग्रामीणों की सूचना पर त्वरित रूप से की गई।

कोटड़ी वनपाल कमलेश रेगर ने बताया कि बनकाखेड़ा गांव में कोठारी नदी के किनारे जगदीश चंद्र गाड़री के खेत में गेहूं व रजका की फसल के बीच अजगर सांप दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़ा गया।

करीब 5 से 6 फीट लंबे अजगर सांप को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाए बिना सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। रेस्क्यू के दौरान प्रशासक प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश गाड़री, सांवर जाट, उदा गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

## लापता युवक का शव तालाब से बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर पालिका क्षेत्र के मंगरोप रोड नई आबादी से लापता 20 वर्षीय युवक का शव तालाब से बरामद होने के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल फैल गया। मृतक की पहचान कार्तिक (20) पुत्र सत्यनारायण खटीक के रूप में हुई है, जो सेकंड ईयर का छात्र था और दिव्यांग भी था। जानकारी के अनुसार कार्तिक 10 जनवरी की शाम करीब 6 से 8 बजे के बीच घर से निकला था। देर रात तक उसके नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। युवक के पास मोबाइल फोन भी नहीं था, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई। रविवार सुबह हमीरगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

रिपोर्ट के बाद पुलिस टीम ने तलाश शुरू की। खोज के दौरान हमीरगढ़ तालाब की पाल के पास युवक का कोट और कुछ दूरी पर उसकी चप्पल मिली। इन वस्तुओं के मिलने के बाद युवक के तालाब में डूबने की आशंका जताई गई।



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीलवाड़ा से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। साथ ही स्थानीय सक्रिय गोताखोरो की मदद से सर्च अभियान शुरू हुआ। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने तालाब से कार्तिक का शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हमीरगढ़ उपजिला चिकित्सालय भिजवाया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## वर्धमान कॉलोनी, विद्युत नगर क्षेत्र का हिंदू सम्मेलन 25 को, समितियां बनाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर में वर्धमान कॉलोनी, विद्युत नगर क्षेत्र का हिन्दू सम्मेलन 25 जनवरी को सुभाषनगर थाने के पास रसधारा मैदान, खंडेलवाल भवन के पास आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सर्वोदय शिक्षण संस्थान स्कूल में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न समाज के 70 बंधुओं ने भाग लिया। मीडिया प्रभारी आशीष पाराशर ने बताया कि बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा और आयोजन के बारे में चर्चा की गई। अध्यक्ष जमनालाल डीडवानिया ने सभी का आभार व्यक्त किया और संरक्षक मंडल, मार्गदर्शक मंडल और उपाध्यक्ष के नामों की घोषणा की। सम्मेलन के लिए शोभा यात्रा, कलश यात्रा और अन्य कार्यों के लिए समितियाँ बनाई गई हैं। इसमें संरक्षक मंडल में सागरमल पानगडिया, डॉ. वीडी शर्मा, रूपलाल प्रजापत, डॉ. मुकुट बिहारी धाबाई, भोपाल मूंदडा, रामू पंडित, गोविन्द राजपूत, राजू पूर्विया, ओम प्रकाश गंदोडिया, महावीर आंचलिया और मार्गदर्शक मंडल में ओमप्रकाश बूलिया, मदन खटोड, रतनलाल गर्ग, उपाध्यक्ष ऊंकार माली, सुनील भारद्वाज, दुर्गालाल जोशी, दिनेश अरोडा, जगदीश भदादा, सावन जांगिड, रोशनलाल जैन को बनाया गया है।




QUICK BITES

## बिजौलिया में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, 3 ट्रैक्टर-कंप्रेशर व 2 जेसीबी जब्त , 11.38 लाख का जुर्माना

### मोतीपुरा की चारागाह भूमि पर सेंड स्टोन की कटाई

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया





मोतीपुरा क्षेत्र की चारागाह (सरकारी) भूमि पर सेंड स्टोन के अवैध खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने शनिवार शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन में प्रयुक्त 3 ट्रैक्टर-कंप्रेशर और 2 जेसीबी मशीनें जब्त कर थाने खड़ी करवाई। कार्रवाई की भनक लगते ही मौके पर मौजूद अवैध खननकर्ता फरार हो गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।खनिज विभाग के फोरमैन गिरिराज मीणा ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि बिजौलिया के मोतीपुरा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से सेंड स्टोन की कटाई की जा रही है। निरीक्षण में मौके पर कई टन कटा हुआ सेंड स्टोन मिला। सूचना की पुष्टि होते ही त्वरित कार्रवाई कर मशीनरी जब्त की गई और वाहनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया।प्रकरण में अवैध खननकर्ता हरि शंकर पिता जीतमल रेगर), निवासी सदा राम जी का खेड़ा तथा अब्दुल सत्तार, निवासी कोटा के खिलाफ ?11 लाख 38 हजार का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही मामले को लेकर पुलिस में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई है । खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी व चारागाह भूमि पर अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी सख्त निगरानी व कार्रवाई जारी रहेगी।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारी शुरू, आयोजन समिति की बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।



कस्बे में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को वासुदेव सराय में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कैलाश सोडाणी ने की।

बैठक में सम्मेलन के संरक्षक रणजीत सिंह शक्तावत एवं नंदकिशोर सनाढ्य ने आयोजन को सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं व्यापक सहभागिता वाला बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से समाज में एकता, समरसता और सकारात्मक संदेश का प्रसार होना चाहिए।

इस अवसर पर भामाशाह लक्ष्मी नारायण जोशी द्वारा सम्मेलन हेतु समस्त चीनी तथा कैलाश नाथ द्वारा समस्त आटे की व्यवस्था किए जाने की घोषणा की गई, जिसका उपस्थितजनों ने स्वागत करते हुए आभार जताया।

बैठक में बालू सिंह देवड़ा, सत्यनारायण मेवाड़ा, मोतीलाल गुर्जर, नारायण सनाढ्य, शांतिलाल खटीक, यशोधर वैष्णव, संतोष मेवाड़ा, बनवारी धाकड़ सहित सर्व हिंदू समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# जगतगुरू रामानन्दाचार्य जन्मोत्सव पर त्रिवेणी में निकाली विशाल शोभायात्रा

## अखाड़ा प्रदर्शन ने मोहा मन, समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**(सांवर वैष्णव)।** अनंत विभूषित जगतगुरू रामानन्दाचार्य जी महाराज के 726वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को त्रिवेणी संगम पर वैष्णव बैरागी समाज मांडलगढ़ व बिजौलिया की ओर से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसका समापन त्रिवेणी संगम पर प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ हुआ

निर्मल वैष्णव ने बताया कि जन्मोत्सव को समाजजनों ने बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। शोभायात्रा सुबह 11:15 बजे त्रिवेणी संगम से प्रारंभ हुई, जिसमें बैंड-बाजा, मदसौरी ढोल और घोड़े शामिल रहे। शोभायात्रा त्रिवेणी संगम से पुराना बस स्टैंड व मुख्य बस स्टैंड होते हुए पुनः त्रिवेणी संगम पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। महिलाएं, बालिकाएं व बच्चे भक्तिमय भजनों पर झूमते नजर आए। शोभायात्रा में चारभुजानाथ, हनुमान जी महाराज एवं त्रिवेणी महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।



वेद विद्यालय के बच्चों तथा समाज के युवाओं व बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत अखाड़ा प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान ऊपरमाल, खेराड़, मेवाड़ अंचल से बड़ी संख्या में वैष्णव बैरागी समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवतियां व बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा के पश्चात आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि गोपाल खंडेलवाल, विधायक मांडलगढ़ रहे। विशिष्ट अतिथि संजय डागी (चेयरमैन), राजू बंजारा (मंडल अध्यक्ष बिजोलिया), प्रकाश सांगावत (मंडल अध्यक्ष नदराय), अशोक जीनगर (मंडल अध्यक्ष मांडलगढ़), गोविंद आचार्य (वेद विद्यालय अध्यापक), गोपाल शर्मा, महेंद्र गुर्जर सहित कई गणमान्यजन रहे। अतिथियों का माला, दुपट्टा एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में 51 छात्र-छात्राओं सहित समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विधायक गोपाल खंडेलवाल ने वैष्णव बैरागी समाज की सराय के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की।कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार बैरागी ने किया।

# बनेड़ा में अपना संस्थान व पर्यावरण संरक्षण संस्थान का 300वां साप्ताहिक सेवा श्रम संपन्न





भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

**परमेश्वर** समाज सेवा, गौसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय अपना संस्थान एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा साप्ताहिक सेवा श्रम का कार्य लगातार जारी है। इस सेवा यात्रा के 300 सप्ताह पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार, को एक विशेष एवं ऐतिहासिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तहसील अध्यक्ष मुरली मनोहर व्यास ने बताया कि यह सेवा श्रम कार्यक्रम आईटीआई के समीप केशव गौशाला के बाहर स्थित सार्वजनिक पो पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम पो को स्वच्छ एवं उपयोग योग्य बनाने का कार्य किया गया। संस्थान द्वारा यह सेवा कार्य विगत लगभग छह वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जो क्षेत्र में समाज सेवा के प्रति एक प्रेरणादायी उदाहरण बन चुका है। इस अवसर पर सदस्यों ने पो की सफाई के साथ-साथ केशव गौशाला परिसर की भी व्यापक सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान गौसेवा के अंतर्गत गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण किया गया तथा पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। सेवा श्रम के साथ ही संस्थान की लगभग 130 सदस्यों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संस्थान की गतिविधियों, भविष्य की योजनाओं एवं सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर समाज सेवा में विशेष योगदान देने वाले 25 सक्रिय सदस्यों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक एवं डिस्पोजेबल वस्तुओं का उपयोग नहीं करने की प्रतिज्ञा ली। साथ ही संस्थान की ओर से कपड़े से बने कैरी बैग वितरित किए गए, ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। सेवा कार्यक्रम में मुरली मनोहर व्यास, शांतिलाल धावा, अमीश कुमार व्यास, मनीष कुमार व्यास, चन्द्र पोरवाल, सुभाषचंद्र, ओमप्रकाश छीपा, नंदकिशोर माली, हीरालाल गढ़वाल, अनिल मोगरिया, देवी लाल माली, सुभाषचंद्र नुवाल, लेहरू लाल गाडरी, दीपक रेगर, प्रमाकर पाठोदिया, बसंती लाल सोनी, नीरज जैन, विनोद मेलाना, नरपत सिंह, साधना मेलाना, अमर सिंह, सत्यनारायण शर्मा, कन्हैयालाल छीपा, प्रकाशचन्द्र कुमावत, हेमंत सेन, रमेश चंद्र गुजर, सागर मल बैरवा, अभयसिंह शेखावत, गंगा राम बैरवा, संजय जैन, प्रदीप देराश्री, नारायण लाल आचार्य, नरेंद्र सिंह चोपड़ा, शिवकुमार वैष्णव, पत्रकार परमेश्वर दमामी, के.के. भण्डारी, भैरु लाल लक्षकार सहित बड़ी संख्या में संस्थान के सदस्य, महिला शक्ति एवं युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# अधिवक्ता स्नेह परिवार की बैठक संपन्न

## बार काउंसिल चुनाव व मकर संक्रांति कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



अधिवक्ता स्नेह परिवार द्वारा अधिवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को शाम की सब्जी मंडी स्थित एडवोकेट अनिल पारीक के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में लगभग 40 से अधिक अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान आगामी बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित अधिवक्ताओं ने चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव रखे तथा न्यायालयों में पैरवी के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को साझा किया।

बैठक में आगामी मकर संक्रांति पर्व पर न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले खेलकूद कार्यक्रमों में भाग लेने तथा भविष्य में भी ऐसे सामूहिक एवं सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने आपसी एकता एवं सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक के बाद अधिवक्ताओं द्वारा चाय-पकौड़े तैयार कर सामूहिक नाश्ते का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता निभाते हुए वकील एकता का परिचय दिया।

बैठक के दौरान जिला अभिभाषक संस्था के रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के जिला सचिव पीरू सिंह गौड़, बालूलाल उपाध्याय, नवीन चेचानी, सुधीर डांगी, दीपक चतुर्वेदी, सूर्यप्रकाश सरगरा, अनिल पारीक, शिप्रा, अनिल सोनी, जितेंद्र मारू, सरिता स्वर्णकार, मनीष बूलिया, आरती कुमावत, रेखा ओझा, रेशमा, सुनीता चतुर्वेदी, किरण सोनी, पल्लवी काबरा, यशोदा मंडोवरा, संजय रांका, पवन आचार्य, भगवती कोली, संध्या चतुर्वेदी, पूजा शर्मा, सीमा अहीर, ममता दाधीच, संजना गुर्जर, कृष्णा राव, पुखराज वैष्णव, पूषा लाल तेली, कन्हैयालाल तेली, गोविंद विश्नोई, आवेश वावला सहित कई अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# सिद्धबली हनुमान मंदिर परिसर में राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा का स्वागत

## राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने भीलवाड़ा की नागरिक समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजस्थान सरकार में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार झाबर सिंह खर्रा का रविवार को नेहरू उद्यान स्थित सिद्धबली हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब एवं प्रदीप चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मंत्री खर्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भीलवाड़ा शहर से जुड़ी प्रमुख नागरिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। इनमें नगरीय सुविधाओं का विकास, स्वच्छता व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, जल निकासी, अतिक्रमण, नगरीय विकास कार्यों में हो रही देरी एवं नागरिक सुविधाओं के अभाव जैसे मुद्दे शामिल रहे।

परिषद ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए आमजन को राहत दिलाने की अपील की। ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने परिषद को आश्वस्त किया कि शहर की जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में परिषद के जिला संरक्षक हेमंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, सुरेश बंब, जिला संगठन मंत्री ज्ञानचंद पगारिया, कमल वैशनानी, प्रेम नैनानी, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, अलका बंब सहित परिषद के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# बिजौलिया में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां शुरू

## पोस्टर विमोचन के साथ बनी आयोजन रणनीति, घर-घर पहुंचेगा संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**रमेश गुर्जर।** नगर में 18 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन का आधिकारिक पोस्टर विमोचन किया गया तथा आयोजन की रूपरेखा और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जबकि संरक्षक दिलदार सिंह राजोरा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर राजकुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आयोजन से जुड़ी विभिन्न जिम्मेदारियों का स्पष्ट विभाजन किया, ताकि सम्मेलन का संचालन सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया जा सके।

मातृशक्ति संयोजिका पूजा जोशी ने बताया कि सम्मेलन को लेकर मातृशक्ति बहनों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने अपनी कार्ययोजना साझा करते हुए बताया कि सम्मेलन के दौरान महिलाओं द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही आयोजन का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया।

आयोजन समिति के अनुसार यह हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण एवं संवर्धन का एक व्यापक अभियान है। आयोजकों ने इस अभियान में जुटे कस्बे के समस्त निवासियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में भवानी शंकर शर्मा, मोहन अहीर, दीपक गौड़, नंदलाल धाकड़, केदार मीणा, गोपाल पराशर, सुनील जोशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किए विभिन्न विकास कार्य लोकार्पित

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।



विधानसभा क्षेत्र के गेंदलिया ग्राम पंचायत में रविवार को विधायक गोपाल खंडेलवाल ने करोड़ों रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों से क्षेत्र में सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी तथा ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, कोटड़ी प्रधान करणसिंह बेलवा, उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, जिला परिषद सदस्य लादी देवी, पंचायत समिति सदस्य ललिता कंवर, सरपंच काली देवी सहित कई जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पट्टिकाओं का अनावरण कर विकास कार्य जनता को समर्पित किए। इनमें गेंदलिया से भाकलिया तथा भाकलिया से अड़सीपूरा तक डामरीकरण सड़क निर्माण, मालियों के बाग से गेंदलिया, रामचोक रेनवास, सामुदायिक भवन के पास गेंदलिया, खटीक मोहल्ला रेन एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पास रेन में जी.एल.आर. पेयजल कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही बालाजी के स्थान (रेन) पर कबूतर खाना निर्माण तथा विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क और चारदीवारी निर्माण कार्य भी लोकार्पित किए गए। इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि ग्रामीण विकास उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के हर गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

# मांडलगढ़ में आयोजित भक्ति संध्या में गूंजे ,नाकोड़ा प्रभु के जयकारे

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



स्थानीय शीतल स्वाध्याय भवन में समाजसेवी मनोहर सिंह-प्रेम सिंह पीपाड़ा परिवार की ओर से शनिवार देर र्व रात्रि को श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ भैरव भक्ति संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता रही और संपूर्ण वातावरण भक्ति व आस्था से सराबोर हो गया।

मंदसौर की सुप्रसिद्ध संगीतकार हिना डांगी के नेतृत्व में आयोजित भजन संध्या में नाकोड़ा पार्श्वनाथ प्रभु के साथ आदिश्वर प्रभु एवं जैन तीर्थंकरों के जयकारे गूंजते रहे। भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे।

इससे पूर्व जैन समाज के मूर्तिपूजक संप्रदाय के आचार्य हिमाचल सूरीश्वरजी महाराज की समुदायवर्ती साध्वी उपेंद्रयशाजी महाराज आदि ठाणा का मंगल प्रवेश हुआ। उनके सानिध्य में नवकार मंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र का जाप संपन्न हुआ। इसी उपलक्ष्य में पीपाड़ा परिवार की ओर से शाम 5 बजे प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से जैन समाज के मूर्धन्य समाजसेवी एवं समाजरत्न दिनेश संचेती 'दिनकर' तथा अखिल भारतवर्षीय जैन दिवाकर विचार मंच, नई दिल्ली की राष्ट्रीय महामंत्री मधु संचेती (बीगोद) ने शिरकत की। पीपाड़ा परिवार एवं समाजजनों द्वारा उनका भावपूर्ण स्वागत किया गया। संचेती दंपत्ति ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम समाज में धर्म के प्रति आस्था के साथ नई चेतना का संचार करते हैं और अत्यंत प्रेरणादायी होते हैं।

इसी अवसर पर दिवाकर विचार मंच एवं संचेती परिवार की ओर से पीपाड़ा परिवार को मेवाड़ी पगड़ी, शॉल, उपरणा व चूंदड़ ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान आयोजकों में उत्साह भरने के साथ समाज में सकारात्मक प्रेरणा का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में मांडलगढ़ तलहटी जैन संघ के समाजसेवी लादूसिंह ओस्तवाल, नगर पालिका चेयरमेन संजय डांगी, पूर्व पालिका अध्यक्ष विनोद ओस्तवाल, किला पेढ़ी उपाध्यक्ष तेजसिंह बूलिया, ट्रस्टी समुद्रसिंह लोढ़ा, अहिंसा भवन भीलवाड़ा के पूर्व मंत्री रिखबचंद पीपाड़ा, कुशलसिंह बूलिया, युवा समाजसेवी राजेश ओस्तवाल, तेजसिंह नागोरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

साथ ही मांडलगढ़ प्रेस सेवा संस्थान के अध्यक्ष केसरीमल मेवाड़ा एवं देवीलाल साहू का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मंदसौर, उदयपुर, भीलवाड़ा, मांडलगढ़, लाडपुरा सहित आसपास के जैन संघों के प्रतिनिधि एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### ऊपरमाल प्रजापति नवयुवक मंडल की बैठक सम्पन्न , 20 जनवरी को यादे माँ की जयंती

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवाड़ी।** ऊपरमाल प्रजापति नवयुवक मंडल संस्थान की बैठक माँ विंध्यवासिनी माता मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में ऊपरमाल प्रजापति समाज के युवा एवं भामाशाह शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 20 जनवरी को प्रजापति समाज की आराध्य कुलदेवी श्री यादें माँ के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने तथा भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कार्य योजना पर भी चर्चा की गई।

### सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस मनाया

**सहकारिता से आर्थिक स्वावलंबन पर हुई परिचर्चा, सेवा भारती को 2 लाख का चेक भेंट**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



वस्त्रनगरी में सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकार भारती के संस्थापक स्व. लक्ष्मण राव एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद संगठन मंत्र एवं सहकारिता गीत का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैलाश सोमानी, दुर्गालाल सोनी एवं विजया सुराणा रहे, जबकि अध्यक्षता सहकार भारती अध्यक्ष सुभाष चेचानी ने की। इस अवसर पर सहकारिता के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन विषय पर सारगर्भित परिचर्चा आयोजित की गई। सुभाष चेचानी ने बताया कि कार्यक्रम में कैलाश सोमानी ने आरोग्य एवं सहकारिता विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया। संस्कार सेवा प्रकल्प के अंतर्गत 250 बच्चों को भोजन कराया गया एवं खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही सेवा कार्यों के लिए सेवा भारती को 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। चेचानी ने कहा कि सहकारिता आमजन के जीवन को नई दिशा देने वाला सशक्त माध्यम है। बिना संस्कार नहीं सहकार, बिना सहकार नहीं उद्धार के मूल मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सहकार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1979 को मुंबई में हुई थी। उन्होंने बताया कि सहकार भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा अखिल भारतीय संगठन है, जिसका उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को शुद्ध, मजबूत और जनकल्याणकारी बनाना है, ताकि छोटे किसान, श्रमिक और बेरोजगार युवा आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सके। संगठन किसी राजनीतिक लाभ या चुनावी उद्देश्य से नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, जागरूकता और पारदर्शी सहकारी चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से सहकारिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री सुनील सोमानी, नगर अध्यक्ष संजय पांडे, संगठन प्रमुख मुकुट बसेर, पुनीत, एस.एन. लाठी, जिला उपाध्यक्ष भेरुलाल बाल्दी, कमलेश सेठी, लीला चेचानी, जमुना सोनी, गोपाल जीनगर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन रामनरेश विजयवर्गीय ने किया।

### कल्याणी फाउंडेशन द्वारा 'शी फ्लाइज हाई' का आयोजन

**सपनों के आसमान की कोई सीमा नहीं, हौसलों से उड़ान भरें महिलाएं - बोरदिया**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय कल्याणी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के आत्मविश्वास और उनके सपनों को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम शी फ्लाइज हाई - बाउंडलैस स्काई, लिमिटलैस ड्रीम्स का सफल आयोजन एमटीएम गार्डन में अध्यक्ष दिव्या बोरदिया के नेतृत्व में किया गया।

आयोजन का मुख्य आकर्षण अलग-अलग रंगों से भरी पतंगों पर प्रेरक स्लोगन का प्रदर्शन रहा। जिसके माध्यम से महिलाओं को संदेश दिया गया कि ना औरों से कम, ना औरों से श्रेष्ठ, वे खुद से बेहतर और खुद में सर्वश्रेष्ठ। फाउंडेशन की अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने? कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक महिला की प्रगति और उसके सपनों की कोई निश्चित सीमा नहीं होती। जिस तरह एक पतंग विपरीत हवाओं के बीच भी आसमान की ऊंचाइयों को छूती है, ठीक उसी तरह महिलाओं को भी अपने आत्मविश्वास की डोर को मजबूती से थामकर हर चुनौती को पार करना चाहिए। उनके लिए अवसरों का आसमान असीम है, बस अपने भीतर के डर को त्यागकर अपनी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना होगा। कार्यक्रम में निक्की खटवड़, सुरभि चोरडिया, प्रिया लोढ़ा, दीपिका सोनी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सुमन बनवट, प्रिया त्रिवेदी, अर्पिता तोदी, वनिता लोढ़ा, रेखा शर्मा, अलका बाबेल, पूनम जैन, प्रिया जैन, मीना पगारिया, कोमल चेचाणी, संध्या राठी, पारुल चेचाणी, पिंकी सोनी, रजनी अग्रवाल, रीना जैन सहित कई सदस्याएं उपस्थित रही।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।